Publication	Punjab Kesari
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	03
Date	16th March 2019

पंजाब केसरी

रोजगार और उद्योग का न्यूक्लियर्स साबित होगा द्वारका एक्सप्रेस-वे

वाहन चालक खुश जाम से मिलेगी मुक्ति

गुड़गांव, 15 मार्च (ब्यूरो): दशक भर के लंबे इंतजार के बाद द्वारका एक्सप्रेसवे का निर्माण शुरु होने के बाद आशियाने की आस में बैठे लाखों लोगों की उम्मीद जगने लगी हैं। दूसरी तरफ रोजाना गुड़गांव से दिल्ली जाने वाले वाहन चालकों में भी खुशी है कि अब जल्दी ही हाईवे पर लगने वाले रोजाना के जाम की जलालत से मुक्ति मिल जाएगी। गुड़गांव के लिए यह परियोजना व्यावसायिक नजरिए से अब तक की सबसे महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

कारण कि 29.5 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेस के किनारे एक नया औद्योगिक गैलरी तैयार हो जाएगी जिससे रोजगार के हजारों अवसर पैदा होंगे। साथ ही इस एक्सप्रेसवे के पूरा होने को लेकर सबसे अधिक इंतजार बिल्डरों को हैं जिनकी परियोजनाएं अधूरी है अथवा एक्सप्रेस वे में देरी के कारण यूनिट नहीं बिक पाए हैं। द्वारका एक्सप्रेसवे के निर्माण में शुरुआती बाधाएं और राजनैतिक उठापटक सबसे बड़ी बाधा साबित हो रहे थे। दूसरी तरफ भूमि अधिग्रहण को लेकर भी अनेक मामले न्यायालय में गए थे। लंबे इंतजार के बाद पिछले सप्ताह केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने

एक्सप्रेसवे का शिलान्यास कर निर्माण कार्य जल्द पूरा होने को कहा है। निर्माण पूरा होते ही रोजाना करीब पचास हजार गाड़ियों का आवागमन शुरु होने की उम्मीद है जो कि राष्ट्रीय राजमार्ग 48 के दबाव को कम करेंगी। यह गाड़ियां ओल्ड दिल्ली-गुड़गांव रोड, पालम विहार, उद्योग विहार और दिल्ली-गुड़गांव एक्सप्रेसवे के दबाव को भी कम करेंगी।

अधूरे प्रोजेक्ट होंगे पूरे, तैयार होगा नया बिजनेस गलियारा

द्वारका एक्सप्रेसवे की कुल लंबाई 29.5 किलोमीटर है जो हरियाणा और दिल्ली की सीमा के अंतर्गत है। इसके चालू होते ही गुडगांव से दिल्ली जाना बेहद आसान और कम वक्त का होगा। इसी बात को देखते हुए इसके किनारे रियल एस्टेट कारोबारियों ने अपने प्रोजेक्ट खड़े कर लिए थे, जिनमें से हजारों यूनिट फ्लैट अब भी ग्राहकों के इंतजार में हैं। तो कई दर्जन प्रोजेक्ट अधूरे हैं जो अब पूरे होने की उम्मीद है। इस एक्सप्रेस वे के किनारे व्यावसायिक प्रतिष्ठान बड़ी मात्रा में खुलने से नया बिजनेस कारिडोर तैयार होने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है। यहां पर डेवलपर पहले से ही अपनी परियोजना स्थापित किए हुए है और निर्माण कार्य पूरे होने का इंतजार कर रहे हैं।

> यह एक्सप्रेसवे हवाई अडडे और दिल्ली के प्रमुख हिस्सों तक कनेक्टिविटी को बढ़ावा देगा। एक्सप्रेसवे के पूरा होने से न केवल डेवलपर्स और खरीदारों को फायदा होगा, बल्कि रियल एस्टेट मार्केट को भी उम्मीद की एक नई किरण मिलेगी। न्यू गुरुग्राम और द्वारका एक्सप्रेसवे के आसपास रेसिडेंशियल और कमर्शियल दोनों परियोजनाएं है, जो उस क्षेत्र की सहज कनेक्टिविटी को बढावा देंगे। *आशीष सरीन, सीईओ अल्फाकॉर्प*

> यह एक्सप्रेसवे सिर्फ गुड़गांव ही नहीं, समूचे एनसीआर के लिए फायदेमंद साबित होगा। खरीददारों से लेकर रियल एस्टेट कारोबारियों तक के लिए यह अच्छा साबित होगा साथ ही लाखों वाहन चालकों को जाम और प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी। *प्रदीप अग्रवाल, चेयरमैन, एसोचैम व सिग्नेचर ग्लोबल*